राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

रैवासा धाम पीठाधीश्वर संत श्री राघवाचार्य जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 30 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रैवासा धाम के पीठाधीश्वर संत श्री राघवाचार्य जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

श्री बागडे ने कहा कि वेद वांग्मय और संस्कृत के साथ सनातन भारतीय संस्कृति के प्रसार के लिए उनका योगदान सदा याद किया जाता रहेगा। उनका देवलोक गमन अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से उन्हें अपने परम धाम में स्थान देने और अनुयायियों को यह भारी दुख सहन करने की शक्ति देने की कामना की है।